PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Friday 20th November 2015, Page: 9
Width: 8.34 cms, Height: 4.38 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-20.45.43

एम्स-फ्रांस बनाएंगे IVF की सस्ती दवा

वरिष्ठ संवाददाता, नई दिल्ली : इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) के क्षेत्र में एक सस्ती दवा बनकर तैयार है। एम्स ने फ्रांस के साथ मिलकर यह दवा तैयार की है। फिलहाल इस दवा पर ए म्स में रिसर्च की जा रही है और आने वाले एक साल के अंदर यह दवा बाजार में उतार दी जाएगी। इस दवा के बाजार में आने के बाद आईवीएफ का रिजल्ट और बेहतर हो सकेगा। गुरुवार को एम्स और फ्रांस के मेडिकल अकैडमी फाउंडेशन (एफएएम) के बीच समझौता हुआ है, जिसका मकसद साथ मिलकर कैंसर और हार्ट डिजीज के लिए सस्ती दवा बनाना है। एम्स में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान दोनों देशों ने अपने-अपने रिसर्च प्रोग्राम भी शेयर किए।

AIIMS to collabrate with France to launch a cheap IVF medicin.
(International cooperation)